

## एक नजर में

### योग दिवस की आज, संस्कृत पाठशाला के बटुकों ने किया पावर योगा और दंड-बैठक का पूर्वाभ्यास



**मंदसौर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भगवान श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला में विशेष योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बटूकों ने योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विभिन्न योग एवं व्यायाम गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग गुरु बंशीलाल टांक के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में बटूकों को पारंपरिक एवं आधुनिक व्यायाम पद्धतियों का समन्वित प्रशिक्षण दिया गया। शरीर को स्वस्थ, रोगमुक्त एवं बलवान बनाए रखने के उद्देश्य से विद्यार्थियों ने पावर योगा, हनुमान दंड, मिश्र दंड, दंड-बैठक तथा योगिक जॉगिंग जैसी प्रभावी एवं कठिन कसरतों का अभ्यास किया। योग गुरु ने बताया कि नियमित योग एवं व्यायाम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बटूकों को योग दिवस से पूर्व विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बटूकों ने सदैव स्वस्थ, ऊर्जावान और अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग दिवस को लेकर पाठशाला में उत्साह का वातावरण है। आज के कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



मंदसौर। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 102 व्यक्तियों की जांच की, जिसमें प्रमुख रूप से वजन, बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच की ओर डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा चेस्ट एक्सरे किए गए। शिविर का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष भेरूलाल सेन, सरपंच पप्पू पाटीदार एवं डॉ रजनीश डोडियार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। भेरूलाल सेन ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान एक व्यापक अभियान है जिसमें हमें जागरूकता के लिए कार्य करना है। समय- समय पर जांच करवाना है,और ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कर अभियान को सफल बनाना है। एसटीएस विजय नागोरे ने शिविर लगाने का उद्देश्य और सभी व्यक्तियों की जांच और एक्सरे करने का कारण बताया। इस अवसर पर ग्राम वासियों के साथ पंचगण, सरपंच पप्पू पाटीदार, पंचायत सचिव अकरम खान, मेडिकल ऑफिसर धुंधड़का डॉ रजनीश डोडियार, एसटीएस विजय नागोरे, सेक्टर सुपर वाइजर शकुंतला भटानिया, लैब टेक्नीशियन देवेंद्र सांवरिया, सीएचओ अवनी गुजेटिया, जया कुंवर, करणसिंह, मनीष व्यास,एएनएम संतोष राठौर, संध्या परमार, पुष्पा बोराना, बसंती मेहर, आशा सुपरवाइजर ज्योति बैरागी, आशा कार्यकर्ता अनुराधा, रेखा बैरागी, पुष्पा, प्रेमलता भावसार, कौशल्या आदि उपस्थित थे।

## दस दिवसीय नियुद्ध शक्ति प्रहार आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

**मंदसौर। जिला योजना समिति सदस्य और नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 39 की पार्षद भारती पाटीदार की पहल पर आयोजित 10 दिवसीय 'नियुद्ध शक्ति प्रहार' आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को संपन्न हुआ। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखकर आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर को लेकर क्षेत्रवासियों एवं अतिथियों ने पार्षद भारती पाटीदार की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया।**



समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बृजेश जोशी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामजी अटेला, सार्थक संस्था की सदस्य डॉ. उर्मिला तोमर, संजय नीमा, प्रीति छाबड़ा, अनंत तारे तथा नरेंद्र त्रिवेदी शामिल थे। इस अवसर पर पत्रकार जोशी ने कहा कि पार्षद भारती पाटीदार द्वारा महिलाओं एवं बेटियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने कहा कि 10 दिनों तक चले इस शिविर में 50 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लेकर आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सीखे, जो उनके आत्मविश्वास और सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

पार्षद भारती पाटीदार ने बताया कि महिलाओं के लिए कुछ नया और सार्थक करने की सोच के साथ इस शिविर की शुरुआत की गई थी। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, ऐसे में उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि पहली ही बार में 50 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और साहस, सुरक्षा तथा आत्मविश्वास के महत्वपूर्ण मंत्र सीखे।

उन्होंने कहा कि यह छोटा-सा प्रयास महिलाओं की सुरक्षा, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वयं को मजबूत बनाने के साथ आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशल भी सीखे हैं, जो भविष्य में उनके लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

शिविर में गुरु प्रवीण भंडारी और उनके सहयोगी आदित्य सूरा ने प्रतिभागियों को 'नियुद्ध शक्ति प्रहार' के विभिन्न आत्मरक्षा कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षित महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं एवं बेटियों ने पार्षद भारती पाटीदार की इस पहल की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा जताई।

## मंदसौर के नूतन स्टेडियम में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन आज

**मंदसौर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रात: 5:30 बजे से 8 बजे तक नूतन खेल परिसर स्टेडियम, मंदसौर में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई है।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सुधीर गुप्ता उपस्थित रहेंगे। जिला आयुष अधिकारी के अनुसार कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होंगे। इस दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा तथा योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली का संदेश दिया जाएगा। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी नागरिकों एवं पत्रकारों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर जिला युवा कांग्रेस ने किए सेवाकार्य

**मंदसौर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर मंदसौर जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिलाध्यक्ष दुर्गेशसिंह पटेल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में पूरे जिले में विभिन्न जनसेवा और सेवाकार्यों का आयोजन किया गया।**



जिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस विशेष दिन को जनसेवा के संकल्प के रूप में मनाया। गरोठ भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के भानपुरा ब्लॉक में युवा कांग्रेस नें बच्चों के बीच पहुँचकर उन्हें शिक्षा सामग्री के रूप में कॉपियां, पेन और चॉकलेट वितरित की गईं। इसी विधानसभा के गरोठ ब्लॉक में विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय गौशाला का रुख किया, जहाँ उन्होंने गायों की देखरेख और सेवा कर अपना योगदान दिया। सेवाकार्यों का यह सिलसिला मल्हारग? विधानसभा क्षेत्र में भी जारी रहा। यहाँ विधानसभा अध्यक्ष बह्लू गुर्जर और ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र धनगर के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गौशाला पहुँचकर गौसेवा की। वहीं, विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल अहीर यादव के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की टीम ने स्थानीय अस्पताल का दौरा किया, जहाँ उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर फल एवं बिस्कुट वितरित किए। इसके साथ ही मन्दसौर विधानसभा क्षेत्र में भी ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने गौशाला में जाकर श्रद्धाभाव से गौसेवा का कार्य किया। इस प्रकार पूरे मंदसौर जिले में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर अपने जननायक राहुल गांधी का जन्मदिन पूरी सादगी और सेवाभाव के साथ मनाया।

## मंडी शुल्क में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए : रातड़िया

▸ कांग्रेसियों ने बढ़े हुए मंडी टैक्स को लेकर व्यापारियों से की चर्चा

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा कृषि उपज मंडियों में मंडी शुल्क (मंडी टैक्स) को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के निर्णय के विरोध में 19 जून शुक्रवार को उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने मंदसौर कृषि उपज मंडी पहुंचकर किसानों और व्यापारियों के साथ चर्चा की सभी ने शासन से ब?ी हुई दर वापस लेने की मांग की। शुक्रवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उद्योग एवं व्यापार निर्विकार रात?िया, संगठन मंत्री अजय लो?ा आदि ने मंडी परिसर में पहुंचकर व्यापारियो से ब?े हुए टैक्स के बारे में चर्चा की।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र गुर्जर ने कहा कि आर्थिक अनियमितताओं के चलते व्यापारी वर्ग पहले से ही परेशान है ऐसे में मंडी टैक्ट ब?ाने का निर्णय मप्र शासन का व्यापारी विरोध इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ निर्विकार रात?िया ने कहा कि शुल्क में 50 प्रतिशत की वृद्धि से कृषि उपज के व्यापार पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा। इसका सीधा असर किसानों और व्यापारियों दोनों पर होगा। वर्तमान में कृषि क्षेत्र पहले से ही बढ़ती उत्पादन लागत, परिवहन खर्च और बाजार की अनिश्चितताओं जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में मंडी शुल्क बढ़ाने का निर्णय कृषि व्यापार को प्रभावित करेगा। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलने में भी कठिनाई हो सकती है। मेरा मप्र शासन से मांग है कि मंडी शुल्क को पूर्ववत 1 प्रतिशत बनाए रखने तथा ब?ौतरी संबंधी निर्णय को तत्काल निरस्त करे। इस अवसर पर दशपुर मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज जैन पप्पू भाई, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर, मंडी कोषाध्यक्ष अनिल मित्तल, दिनेश कल्याणी, हेमंत हिगड़, सुनिल गुप्ता, दाउभाई विजयवर्गीय, अरविन्द बोथरा, राजेन्द्र पारख, जितेन्द्र पोरवाल, अभिषेक जैन, बंटी कुमावत, धन्नालाल कटारिया, मनीष कटारिया, संदीप जैन सहित किसान, व्यापारी मौजूद रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### केंद्रीय विद्यालय में पांचवे दिन के योग प्रशिक्षण के बाद बच्चों ने किया पौधारोपण

**नीमच।** पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच द्वारा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में आयोजित किए जा रहे 6 दिवसीय योग शिविर के पांचवे दिन योग सत्र के पश्चात केंद्रीय विद्यालय की संजीवनी वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। योग प्रशिक्षक पुखराज साहू एवं टीना नागदा द्वारा बच्चों को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार, यौगिक जोगिंग, ताड़ासन, चक्रासन, धनुरासन, भुजंगासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि क्रियाओं से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए जा रहे है। योग शिविर का संयोजन श्रीमती मीना जायसवाल एवं विद्यालय प्राचार्य श्री प्रियदर्शन जी गर्ग कर रहे हे।

जनभावनाओं के अनुरूप है समान नागरिक संहिता – श्री सखलेचा

### UCC से सामाजिक समरसता और एकता का भाव लोगों में होगा जागृत : परिहार

**नीमच।** जिला मुख्यालय नीमच के टाउन हॉल नीमच में शनिवार को जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी राजेश व्यास की उपस्थिति में जिला प्रशासन द्वारा समान नागरिक संहिता के सम्बंध में आमजनों के सुझाव प्राप्त करने के लिए वृहद परिचर्चा आयोजित की गई। इस परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि समान नागरिक संहिता के संबंध में प्राप्त सभी सुझाव काफी महत्वपूर्ण है। सभी लोग ऑनलाईन सुझाव भी दे। विधायक श्री सखलेचा ने कहा, कि प्रदेश सरकार द्वारा जन भावनाओं के अनुरूप समान नागरिक संहिता बिल लाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री सखलेचा ने कहा, कि जनभावनाओं के अनुरूप समान नागरिक संहिता बिल में हमारी संस्कृति और संस्कारों पर भी फोकस किया जाना चाहिए। विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने समान नागरिक संहिता बिल का समर्थन करते हुए कहा, कि इससे सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित होगा और समाज में एकता का भाव जागृत होगा। श्री परिहार ने कहा, कि लैगिक आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। इस संहिता के माध्यम से महिला एवं पुरूषों को भी समान अधिकार मिलेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस परिचर्चा में अधिकांश उपस्थितजनों ने समान नागरिक संहिता के समर्थन में अपने सुझाव देते हुए इसे देश हित समाज हित एवं नागरिक अधिकारो का हित संरक्षण करने वाला बिल बताया। इस परिचर्चा में भाग लेते हुए पार्षद राकेश किलोरिया ने समान नागरिक संहिता कानून को देश हित में बताते हुए देश की संसद से बनाने का सुझाव दिया। सिंधी समाज के नन्दलाल मालानी रोटरी क्लब के दर्शनसिह गांधी, पूर्व पार्षद श्री बाबूलाल नागदा, शशी कुमार कल्याणी, श्री लक्ष्मीनारायण जोशी, श्री जगदीश शर्मा, श्री शंकर सिह डोडिया, मुफ्ती मोहम्मद सिद्दीकी, श्री पंकज मालवीय, श्री प्रेमचंद्र कलोसिया आदि ने भी अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। परिचर्चा में उपस्थित अधिकांश जनों ने समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने-अपने सुझाव ऑनलाईन भी दर्ज करवाए। प्रांरभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एडीएम श्री बी.एस.कलेश, डिप्टी कलेक्टर श्री संजीव साहू, श्री चंद्र सिह धार्वे, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया आदि ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.संजय जोशी ने किया तथा श्री संजीव साहू ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर श्री हेमंत हरित, श्री नीलेश पाटीदार, श्री राज कुमार अहीर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, विभिन्न समाजों के प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य मौजूद रहे।

## मनासा में लक्ष्य से 10 .5 हजार क्विंटल अधिक गेहूं खरीदी

**मनासा। मनासा क्षेत्र में इस वर्ष रबी सीजन के तहत गेहूं उपार्जन का कार्य रिकॉर्ड सफलता के साथ संपन्न हो गया है। शासन द्वारा तय किए गए कड़े मापदंडों और लक्ष्यों को पीछे छोड़ते हुए इस बार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक खरीदी दर्ज की गई है। क्षेत्र के कुल 3,793 किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर अपनी उपज बेची, जिसके बाद अब केंद्रों से गेहूं का शत-प्रतिशत परिवहन भी पूरा कर लिया गया है।**



**लक्ष्य को पछाड़ा:** प्रशासन द्वारा इस वर्ष मनासा क्षेत्र के लिए 1,80,000 क्विंटल गेहूं खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अनुकूल मौसम और बंपर पैदावार के चलते केंद्रों पर लक्ष्य से कहीं अधिक आवक हुई। नतीजतन, लक्ष्य के विरुद्ध कुल 1,90,507.561 क्विंटल गेहूं खरीदा गया, जो तय लक्ष्य से लगभग 10,507 क्विंटल अधिक है।

**पचास करोड़ से अधिक का डिजिटल भुगतान:** किसानों को उपज बेचते ही त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए इस बार पोर्टल के माध्यम से व्यवस्थाओं की कड़ाई से मॉनिटरिंग की गई। क्षेत्र के 3,792 किसानों के बैंक खातों में लगभग पचास करोड़ की राशि सीधे ट्रांसफर कर दी गई है। तकनीकी अड़चन के कारण केवल 1 किसान का भुगतान रुका हुआ है। फिनो बैंक खाते से संबंधित टेक्निकल समस्या की वजह से इस किसान के 35,436 पेंडिंग हैं, जिसे जल्द क्लियर करने का दावा किया जा रहा है।

**चमका कंजार्डा केंद्र:** क्षेत्र के सभी केंद्रों पर इस बार बेहतर उपार्जन देखने को मिला, लेकिन इसमें कंजार्डा उपार्जन केंद्र ने बाजी मार ली। कंजार्डा केंद्र पर अकेले सबसे ज्यादा 26,380.5 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई। इस बेहतरीन रिकॉर्ड के कारण कंजार्डा केंद्र को जिले में तृतीय रैंक प्राप्त हुई है।

**100% परिवहन पूरा :** खरीदी बंद होने के साथ ही प्रशासन ने परिवहन की रफ्तार तेज रखी, जिससे केंद्रों पर अनाज का एक भी दाना शेष नहीं बचा है। बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता के बीच खरीदे गए गेहूं को सुरक्षित भंडारण के लिए इन मुख्य वेयरहाउसों में भेजा गया है: शासकीय वेयरहाउस मनासा, हरहरी वेयरहाउस, मार्केटिंग वेयरहाउस जलीनेर, कृषि उपज मंडी वेयरहाउस मनासा, गोपाल बसंत वेयरहाउस, जय जिनेन्द्र वेयरहाउस जन्नोद एवं आदिनाथ वेयरहाउस (अल्हड़ रोड, मनासा)।

**हम्मालों की दिखी कमी :** सफल उपार्जन के बीच इस बार किसानों और प्रबंधकों को कुछ दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा नॉन-एफएक्यू गेहूं रिजेक्ट: गुणवत्ता मानकों पर खरा न उतरने के कारण 30 से 50 किसानों का गेहूं रिजेक्ट हुआ। हम्मालों की भी कमी दिखी।

## अल्हेड़ में 1 करोड़ 8 लाख 75 हजार रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण आज

**मनासा।** ग्राम पंचायत अल्हेड़ 21 जून को विकास का नया अध्याय लिखने जा रही हैं। यहां 1 करोड़ 8 लाख 75 हजार रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा।

विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और ग्रामवासियों को विकास कार्यों की सौगात समर्पित करेंगे। कार्यक्रम सायं 6 बजे जैन धर्मशाला, पिपली चौक, अल्हेड़ में होगा। ग्राम पंचायत ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर लगातार अधोसंरचना विकास के कार्य किए गए हैं। इसी कड़ी में 37 लाख 75 हजार रुपये की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन बनकर तैयार हो गया है, जिसका लोकार्पण भी इसी अवसर पर किया जाएगा। नवीन भवन के निर्माण से पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला मंत्री अश्विन सोनी, भाजपा दीनदयाल मंडल अध्यक्ष कैलाश पुरोहित, जनपद सदस्य सीताबाई गंगाराम कछावा उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायत सरपंच आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत अल्हेड़ को विधायक अनिरुद्ध (माधव) मारू का सदैव स्नेह, मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त हुआ है। विधायक मारू के सहयोग और प्रयासों से ग्राम में विकास कार्यों को नई गति मिली है। पंचायत को नवीन पंचायत भवन की सौगात मिलने के साथ-साथ ग्राम की अधिकांश गलियों एवं मोहल्लों में सीसी रोड निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुके हैं।

**एक नजर** — कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त का लाइव प्रसारण देखा

## किसानों को दी गई फसल विविधिकरण और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी

**नीमच।** कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुगली (पश्चिम बंगाल) से किया गया। जिले के नीमच, जावद एवं मनासा विकासखंडों से आए किसान एवं महिला कृषकों ने कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना और किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में कुल 18,880 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। इस योजना के तहत नीमच जिले के 98,135 पात्र किसानों को लगभग 19.66 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में डिजिटल कृषि मिशन, पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना एवं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने एवं खेती को अधिक लाभकारी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. सी.पी. पचौरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। तकनीकी सत्र में उन्होंने किसानों को फसल विविधिकरण अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि जिले में सोयाबीन के स्थान पर मक्का, खरीफ मूंगफली, उड़द, मूंग, अश्वगंधा, तुलसी, कालमेघ तथा न्यूट्री फसल चिया जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती लाभकारी सिद्ध हो रही है।



डॉ. पचौरी ने बताया कि विगत वर्षों के वैज्ञानिक अनुसंधानों एवं किसानों के अनुभवों के आधार पर इन फसलों ने जिले में बेहतर आर्थिक परिणाम दिए हैं। फसल विविधिकरण से किसान जोखिम को कम कर सकते हैं, संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सकते हैं तथा एकल फसल प्रणाली से होने वाले नुकसान से बच सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यदि किसान सोयाबीन की खेती करना चाहते हैं तो वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार राजसोया-18, राजसोया-24, एनआरसी-86, जेएस-2034 एवं आरवीएस-2011-35 जैसी उन्नत किस्मों का चयन करें तथा रिज-फरो, रेज्ड बेड एवं ब्रॉड बेड पद्धति से बुवाई करें।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती, सोयाबीन उत्पादन की नवीन तकनीकों, मसाला एवं औषधीय फसल उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पी.एस. नरुका ने बाजार की मांग एवं आपूर्ति, डॉ. एस.एस. सारंगदेवोत ने पौध संरक्षण, डॉ. शिल्पी वर्मा ने पोषण प्रबंधन तथा डॉ. जे.पी. सिंह ने संतुलित उर्वरक प्रबंधन पर किसानों का मार्गदर्शन किया।